## एक नजर में

### शुजालपुर में ऊर्जीकृत हुआ 200 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफॉर्मर

शाजापुर, 2 जून. प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश ने केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की ट्रांसमिशन प्लानिंग क्राइटेरिया का पालन करते हुए शाजापुर जिले के 220 केवी सब स्टेशन शुजालपुर में एक नया 200 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है. मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने सीईए की गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित करते हुए इस ट्रांसफॉर्मर को ऊर्जीकृत करने में सफलता प्राप्त की है. एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता उज्जैन अनिल सक्सेना ने जानकारी दी कि इस क्षमता वृद्धि से शुजालपुर 220 केवी सब स्टेशन की क्षमता बढ़कर 793 एमवीए हो गई है. वहीं शाजापुर जिले की ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी बढ़कर 1926 एमवीए हो गई है. शाजापुर जिले में एमपी ट्रांसको अपने 11 सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है, जिसमें 220 केवी के दो सबस्टेशन शुजालपुर, शाजापुर एवं 132 केवी के 9 सबस्टेशन पोलायकलां, अरनियाकलां, मक्सी, बेरछा, मोहन बड़ोदिया, कालापीपल, शुजालपुर, शाजापुर, पनवाड़ी शामिल हैं.

### एनएसएस के देवेंद्र कुम्भकार बने शाजापुर जिला संगठक, महाविद्यालय में हर्ष का माहौल



शुजालपुर, 2 जून. राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के माध्यम से युवाओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने वाले कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार को राष्ट्रीय सेवा योजना शाजापुर का जिला संगठक नियुक्त किया गया है. उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से शिक्षा जगत, स्वयंसेवकों और सामाजिक संगठनों में खुशी का माहौल है. देवेंद्र कुम्भकार वर्तमान में जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कार्यरत है. उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, नशामुक्ति जागरूकता, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, फिट इंडिया अभियान तथा युवा नेतृत्व विकास जैसे अनेक जनहितकारी कार्यक्रमों का सफल संचालन किया है. राष्ट्रीय सेवा योजना में उनके उत्कृष्ट कार्य, संगठन क्षमता और नेतृत्व कौशल को देखते हुए उन्हें जिले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है. नियुक्ति की जानकारी मिलते ही महाविद्यालय परिवार, वर्तमान एवं पूर्व स्वयंसेवकों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं. शुभचिंतकों ने कहा कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, समर्पण और कुशल नेतृत्व का परिणाम है. उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना जिले में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी तथा युवाओं को समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन की नई प्रेरणा मिलेगी. नवनियुक्त जिला संगठक देवेंद्र कुम्भकार ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों, सहयोगियों और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व विकास और समाज सेवा का सशक्त मंच है. उन्होंने कहा कि जिला संगठक के रूप में उनका प्रयास रहेगा कि जिले की सभी एनएसएस इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख गतिविधियों का संचालन किया जाए. उन्होंने बताया कि युवाओं की ऊर्जा को समाजहित के कार्यों से जोड़ते हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर विशेष अभियान संचालित किए जाएंगे. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर के शर्मा ने देवेंद्र कुम्भकार को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है.

### युवक कांग्रेस ने वाहन चालकों को खिलाई मेलॉडी



शाजापुर, 2 जून. युवक कांग्रेस द्वारा पेट्रोल डीजल के मूल्य में हो रही वृद्धि को लेकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया गया. कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंप पर पहुंचकर पहले तो जमकर नारेबाजी की. इसके बाद जो भी वाहन चालक पेट्रोल भरवाने आए उन्हें मेलॉडी चॉकलेट बांटकर कहा मेलॉडी खाओ, पेट्रोल भरवाओ. इस विरोध के तरीके से वाहन चालक भी मुस्कुराते नजर आए. दरअसल पेट्रोल-डीजल के भाव पिछले कई दिनों से लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं का घर चलाना मुश्किल हो रहा है. लोगों का कहना है कि हम घर चलाएं या गाड़ी. इसी को लेकर मंगलवार को युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने इस मूल्य वृद्धि के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया. वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता वीरेंद्रसिंह गोहिल ने कहा कि आज प्रदेश और केंद्र में बैठे लोग आम लोगों की जेब पर सीधे डाका डाल रहे हैं. वे लोगों से तो खर्चों में कटौती करने, सोना न खरीदने की अपील करते हैं और खुद वाहनों के काफिलों में घूम घूमकर जनता के पैसों पर ऐश कर रहे हैं. लगातार मूल्य वृद्धि की जा रही है. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार कर्ज लिए जा रही है जिसका बोझ जनता के कंधो पर पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि अब जनता इनकी कारगुजारियों से तंग आ चुकी है जिसका गुस्सा भी अब लोगों में नजर आने लगा है और जनता इन्हें जवाब देने को तैयार है. इस अवसर पर किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैलाश मटोलिया, दीपक निगम, मांगीलाल नायक, धर्मेन्द्र प्रजापति, राम शर्मा, रियान खान, योगेंद्र वर्मा, सौरभ गवली, कैफ खान, लखन मंडावर, मोहित माहेश्वरी, इरशाद पिपलिया, गोविंद वर्मा, सरलेश चतुर्वेदी, शैलेंद्र अहिरवार, दीपक सलोकिया, ईश्वर सिंह, नावेद खान, अनवर खान, कबीर कुरैशी, सिद्दिक खान सहित बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया कार्य का बहिष्कार



शाजापुर, 2 जून. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है. कर्मचारी जिले के जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में चरणबद्ध आंदोलन के तहत कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. कर्मचारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं के बावजूद उनकी मांगों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया है. संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रहे इस आंदोलन में कर्मचारियों ने नियमित कर्मचारियों के समान वेतन एवं भत्ते, वार्षिक वेतनवृद्धि, सेवा सुरक्षा, अवकाश सुविधाएं तथा वेतन विसंगतियों के निराकरण की मांग उठाई है. उनका कहना है कि लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने के बावजूद उन्हें अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल रही हैं. संघ के अनुसार आंदोलन की शुरुआत काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन से की गई थी. इसके बाद अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन भी सौंपे गए. मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने के कारण अब कार्य बहिष्कार किया जा रहा है कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा.

# 26 दिन बाद भी नहीं बदले विद्युत खंभे, हादसे की आशंका बढ़ी

## झूलती केबल और टेढ़े खंभों से किसानों में आक्रोश, विभाग पर लापरवाही का आरोप

**मक्सी, 2 जून. मक्सी क्षेत्र के उकाला रोड़ पर विद्युत विभाग की उदासीनता से किसान परेशान हैं. खेतों तक बिजली पहुंचाने वाली लाइन के कई खंभे टेढ़े होकर गिरने की स्थिति में पहुंच गए हैं, जबकि विद्युत केबल खतरे के रूप में झूल रही है. किसानों का आरोप है कि समस्या की शिकायत किए जाने के 26 दिन बाद भी विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है.**

किसानों के अनुसार 6 मई को लगभग 15 किसानों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन के माध्यम से विद्युत विभाग को क्षतिग्रस्त खंभों की जानकारी दी गई थी. आवेदन में खंभों की मरम्मत एवं नए खंभे लगाने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक न तो अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और न ही सुधार कार्य शुरू कराया गया. इससे किसानों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है. किसान दयाराम मंडलोई ने बताया कि कई स्थानों पर खंभे बुरी तरह झुक चुके हैं और तार नीचे लटक रहे हैं. विभागीय अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिले हैं. किसान दयाराम मंडलोई का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा विद्युत विभाग किसानों से ही अस्थायी व्यवस्था (चिपट / सपोर्ट) करने के लिए कह रहा है. किसानों का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा अस्थायी रूप से सहारा लगाने की बात कही जा रही है, जबकि स्थायी समाधान करना विभाग की जिम्मेदारी है.



### बारिश के सीजन में हो जाएंगे गंभीर हालात...

किसान गुरुबक्श मंडलोई, बाबूलाल मंडलोई, बालकृष्ण पाटीदार, भगवान सिंह मंडलोई, मनोहर लशकन और दयाराम मंडलोई ने बताया कि वे नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करते हैं. लेकिन इसके बावजूद मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है. उनका कहना है कि बारिश शुरू होने के बाद हालात और गंभीर हो जाएंगे. खेतों तक पहुंचने वाले रास्तों में कीचड़ होने से फॉल्ट सुधार कार्य प्रभावित होगा और बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित होने की आशंका बनी रहेगी.

### हो सकती है जनहानि....!

किसानों ने बताया कि क्षतिग्रस्त खंभों और झूलती केबलों के कारण किसी भी समय जनहानि या पशुहानि की घटना हो सकती है. किसानों का कहना है कि उनके पास शिकायत आवेदन की प्राप्ति रसीद है, जो कि सहायक कनिष्ठ अभियंता मप्रपक्षेविविकंलिमि मक्सी के नाम से आवेदन 6 मई को दिया जा चुका है तथा खंभों की तस्वीरें भी मौजूद हैं, जो विभागीय लापरवाही की पुष्टि करती है.

### किसानों ने की शीघ्र समाधान की मांग...

किसानों ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर क्षतिग्रस्त खंभों को बदलने, विद्युत लाइन की मरम्मत कराने और क्षेत्र में सुरक्षित बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है. किसानों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे.

# पुरुषोत्तम मास में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**शुजालपुर, 2 जून. नेमा समाज शुजालपुर के तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्रीराम जानकी धाम में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ हो गया है. कथा का आयोजन 1 जून से 7 जून तक किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे है.**

कथा का वाचन आचार्य श्रीराम मंदिर एवं नेमा समाज के विद्वान कथावाचक पंडित मनोज व्यास के मुखारविंद से किया जा रहा है. आयोजन के प्रथम दिवस भक्तों ने भव्य कलश यात्रा निकालकर धार्मिक वातावरण का निर्माण किया. इसके पश्चात व्यासपीठ एवं गुरुदेव का पूजन-अर्चन कर कथा का शुभारंभ किया गया. कथा के दौरान आचार्य ने श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके श्रवण से मिलने वाले आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी. द्वितीय दिवस मंगलवार को शुकदेव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया गया. वहीं अधिक मास के इस पावन अवसर पर ठाकुरजी के सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक फाग उत्सव मनाया. भजन, कीर्तन और पुष्पवर्षा के बीच श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए. कथा आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु नियमित रूप से उपस्थित होकर कथा श्रवण कर रहे हैं. प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है. समाज अध्यक्ष अंशुल नेमा ने नगरवासियों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने और धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है.



# आईटीआई परिसर में काट दिया हरा पेड़

## प्राचार्य के पहुंचने पर भाग गए युवक, कुछ देर बाद ट्रॉली में भरकर ले गए लकड़ियां

**शाजापुर, 2 जून. एबी रोड स्थित आईटीआई परिसर में लगे एक हरे पेड़ को कुछ लोगों ने गत दिवस जेसीबी की मदद से गिरा दिया. जब प्राचार्य पहुंचे और वीडियो बनाने लगे, तो वे लोग उस समय तो वहां से चले गए. लेकिन बाद में वे पेड़ की लकड़ियों को ट्रेक्टर-ट्रॉली में भरकर ले गए.**

घटना की सूचना के बाद जब परिसर का निरीक्षण किया गया, तो वहां पेड़ की कटी हुई लकड़ियां और ताजी कटाई के निशान पाए गए. बताया जा रहा है कि इन दिनों क्षेत्र में हाईवे चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, जिसके कारण सड़क किनारे के कई पेड़ों की कानूनी रूप से कटाई की जा रही है. अवैध लकड़ी माफियाओं ने इसी स्थिति का लाभ उठाकर आईटीआई परिसर के भीतर लगे पेड़ को भी निशाना बना लिया.



आईटीआई के प्राचार्य राजाराम कटारिया ने बताया कि हाईवे निर्माण कार्य के दौरान हो रही पेड़ों की कटाई की आड़ में कुछ लोगों ने आईटीआई परिसर में स्थित एक पेड़ को जेसीबी की मदद से उखाड़कर गिरा दिया. इसके बाद बदमाशों ने उसे टुकड़ों में काटा और लकड़ी ले गए. प्राचार्य कटारिया ने बताया कि इस पूरी अवैध गतिविधि की जानकारी संबंधित उच्च अधिकारियों को दी जा रही है. परिसर में घुसकर इस तरह पेड़ काटने वाले दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी.

# पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर भव्य समारोह, प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**शुजालपुर, 2 जून. युवा धनगर महासभा जिला शाजापुर के तत्वावधान में शुजालपुर में पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई. समारोह में देवी अहिल्याबाई के जीवन, कृतित्व और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया. इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष पंकज जोशी ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर का योगदान भारतीय इतिहास में अविस्मरणीय है. उन्होंने देशभर में मंदिरों, घाटों और सड़कों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कर जनकल्याण की मिसाल प्रस्तुत की. उनका शासन सुशासन और लोकहित का आदर्श उदाहरण रहा है. उन्होंने समाज की विभिन्न मांगों को सुनते हुए उन्हें पूरा कराने का आश्वासन भी दिया. विशिष्ट अतिथि के रूप में कलापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, राजेंद्र चौधरी देपालपुर एवं मुख्य वक्ता हरिसिंह धनगर ने संबोधित करते हुए समाज में शिक्षा, संगठन और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम की अध्यक्षता धनसिंह धनगर ने की. समारोह में विद्या भारती मालवा प्रांत के अध्यक्ष प्रकाश धनगर, कैलाश धनगर, राकेश चौधरी, हरिनारायण धनगर, नवीन शिंदे, लोकेंद्र सिंह खेजड़िया, लीलाधर गौड़, मंगल सिंह राठौर, अचलसिंह मेवाड़ा, पवन सिंह पार्षद, संयोजक हुकमसिंह धनगर, परसराम धनगर, लाखन सिंह धनगर, मोहनलाल धनगर, बहादुर सिंह, राजकुमार, बाबूलाल धनगर एवं सजन सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक रामसिंह धनगर ने किया. हुकुमसिंह धनगर ने अतिथियों का परिचय कराया तथा दीपसिंह धनगर ने आभार व्यक्त किया. समारोह में समाज की एकजुटता, सामाजिक दायित्वों के निर्वहन और युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का संदेश दिया गया.



### जनसुनवाई में 74 आवेदन

**आगर मालवा, 2 जून.** साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को कलेक्टर प्रीति यादव ने जिला मुख्यालय पर नागरिकों की समस्याए सुनी. जनसुनवाई में कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए. कलेक्टर ने निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया. ग्राम बड़गोन निवासी राहुल वर्मा ने विद्युत बिल संबंधी समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया. कलेक्टर ने प्रकरण के निराकरण हेतु विद्युत विभाग के अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए.

# ट्रक ने लोडिंग ऑटो को मारी टक्कर

**शाजापुर, 2 जून.** कोतवाली थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे.52 पर एचपी बाबू पेट्रोल पंप के पास मंगलवार सुबह करीब 10 बजे एक सड़क हादसा हुआ. तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रहे तीन पहिया लोडिंग ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी. टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया. ट्रक में कच्चे केले भरे हुए थे, जो सड़क पर बिखर गए. लोडिंग ऑटो रिक्शा में भरी ईंटें भी सड़क पर फैल गई. इस घटना से मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ. हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 पर तैनात प्रधान आरक्षक पवन शर्मा मौके पर पहुंचे. उन्होंने राहत कार्य शुरू कराया और यातायात व्यवस्था को नियंत्रित कियाए जिससे मार्ग पर आवागमन सुचारु हो सका. जानकारी के अनुसार, कच्चे केले से भरा ट्रक इंदौर से ग्वालियर की ओर जा रहा था, जबकि लोडिंग आटो रिक्शा शाजापुर से पनवाड़ी की तरफ जा रहा था. इसी दौरान ट्रक चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और ऑटो रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी. गनीमत रही कि इतना बड़ा हादसा होने के बावजूद किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई. दुर्घटना में केवल वाहनों और सामान का नुकसान हुआ है, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है.

# 15 दिन में वसूली में तेजी लाएं जिला सहकारी बैंक प्रबंधक : कलेक्टर

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखाओं एवं संबद्ध सहकारी संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**शाजापुर, 2 जून. जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाजापुर बैंक प्रशासक एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में गत दिवस जिला पंचायत सभागृह शाजापुर में शाजापुर एवं आगर मालवा जिले के शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक, संस्था प्रबंधकों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई.**

कलेक्टर ने संस्थावार एवं शाखावार ऋण वसूली तथा 29 मई 2026 की स्थिति पर वितरण की समीक्षा की. कलेक्टर ने वसूली कार्य में प्रगति लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने तथा वसूली एवं वितरण में कम वसूली करने वाले प्रबंधकों को 15 दिवस में प्रगति लाने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वसूली बढ़ाने के लिए किसानों से संपर्क करें, सीसीबी सीईओ प्रतिदिन शाखा व संस्था प्रबंधकों की वीसी के माध्यम से समीक्षा करें एवं आरटीजीएस के माध्यम से भी वसूली कराएं. इस दौरान उन्होंने उचोद, मनसाया के संस्था प्रबंधक द्वारा सर्वाधिक वसूली करने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी. कलेक्टर ने नवीन सदस्यता अभियान आयोजित कर सदस्यों को जोड़ने, पूर्व से पंजीकृत खाता धारकों को डेबिट कार्ड एवं रूपे क्रेडिट कार्ड का शत-प्रतिशत वितरण कराने के निर्देश दिए. उन्होंने निर्देशित किया कि नवीन सदस्यता अभियान के लिए संस्थावार एवं शाखावार लक्ष्य निर्धारित कर उनकी पूर्ति कराएं. साथ ही उन्होंने डेबिट कार्ड वितरण नहीं करने वाले संस्था एवं शाखा प्रबंधकों पर पैनल्टी लगाने के भी निर्देश दिए. इस अवसर पर उपायुक्त सहकारिता ओपी गुप्ता एवं सीईओ सीसीबी सुश्री कोमल डहाके सहित जिले के शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक, संस्था प्रशासक एवं संस्था प्रबंधक उपस्थित थे.

**एक नजर में** — तराना पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा, शव नाले में फैंककर छुपाने का प्रयास

# शराब की लत बनी मौत का कारण, पत्नी और बेटे ने की हत्या

**मक्सी, 2 जून. थाना तराना क्षेत्र के ग्राम कनासिया स्थित आमड़ी के खाल में मिले युवक के शव मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्या के आरोप में मृतक की पत्नी और बेटे को हिरासत में लिया है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक की शराबखोरी और आए दिन होने वाले विवादों से परेशान होकर दोनों ने उसकी हत्या कर दी थी.**

पुलिस के अनुसार 1 जून को ग्राम कनासिया स्थित आमड़ी के खाल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में तैरता हुआ मिलने की सूचना मिली थी. सूचना पर थाना तराना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर जांच शुरू की. जांच के दौरान मृतक की पहचान मदनलाल पिता तोलाराम (45 वर्ष) निवासी ग्राम नायता पोलाय, थाना टोंकखुर्द जिला देवास के रूप में हुई. पुलिस जांच में पता चला कि मदनलाल शराब पीने का आदी था और नशे की हालत में आए दिन परिवार के सदस्यों तथा आसपास के लोगों से विवाद, झगड़ा और मारपीट करता था. उसकी हरकतों से परिवार लंबे समय से परेशान था. लगातार हो रही प्रताड़ना और विवादों से तंग आकर उसकी पत्नी और बेटे ने मिलकर पत्थर से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी. इसके बाद साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को आमड़ी के खाल में फेंक दिया.



### मां-बेटे से पूछताछ कर रही पुलिस...

मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी सौरम बाई 40 वर्ष एवं पुत्र संजू सोलंकी 22 वर्ष को राउंडअप कर पूछताछ की. जिसमें घटना का खुलासा हुआ. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है तथा मामले की आगे जांच जारी है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आलोक कुमार शर्मा एवं एसडीओपी तराना भविष्य भास्कर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदौरिया और उनकी टीम ने मामले का त्वरित खुलासा किया.

### समान नागरिक संहिता के संबंध में बैठक आज

**शाजापुर, 2 जून.** मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य शिक्षाविद प्रो. गोपाल शर्मा एवं डॉ. शोभा पैठणकर द्वारा जनपरामर्श के लिए 3 जून को सुबह 11 बजे गांधी हॉल शाजापुर में बैठक आयोजित की गई है. बैठक में समान नागरिक संहिता के संबंध में सांसद, विधायक, समस्त राजनैतिक दल, बार काउंसिल, महिला एवं बाल अधिकार संरक्षण से जुड़े गणमान्य व्यक्ति, शांति समिति के सदस्य, सामाजिक संगठन तथा सभी समुदाय के प्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण के सुझाव एवं विचार आमंत्रित किए जाएंगे. समिति का गठन सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत किया गया है तथा इसका समन्वय सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा किया जा रहा है.